# भारती मामले में विधिसम्मत कार्रवाई

## मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर मीडिया से चर्चा में बोले



**ग्वालियर,4 अप्रैल.** मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने मीडिया से चर्चा में कहा कि दतिया से निर्वाचित विधायक राजेन्द्र भारती को विशेष जिला न्यायालय, नई दिल्ली ने तीन वर्ष के कारावास एवं 1 लाख रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है.

इस आदेश के उपरांत सर्वोच्च न्यायालय के 10 जुलाई, 2013 के आदेश का पालन करते हुए राजेन्द्र भारती की सदस्यता 2 अप्रैल, 2026 से शून्य कर दी गई है. इस आदेश का पालन करते हुए विधानसभा सचिवालय ने एक स्थान रिक्त होने का गजट नोटिफिकेशन जारी किया है. लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 (3) का प्रावधान है कि यदि किसी व्यक्ति का दोषसिद्ध होने पर दो वर्ष या उससे अधिक की कारावास की सजा दी जाती है, तो वह दोषसिद्धि की तिथि से ही अयोग्य हो जाता है. राजेंद्र भारती के मामले में 3 वर्ष की सजा होने से यह प्रावधान पूरी तरह लागू होता है तथा विधायक की सीट स्वत: रिक्त हो जाती है. अत: यह कार्रवाई विधि सम्मत हुई है. यह पहला मामला नहीं है जब यह कार्रवाई हुई है. पूर्व में भी श्रीमती आशा रानी सिंह की सदस्यता उन्हें 10 वर्ष की सज़ा होने पर इसी आधार समाप्त की गई थी. 2019 में प्रह्लाद लोधी की भी सदस्यता इसी प्रकार 2 वर्ष की सज़ा होने पर समाप्त की गई थी फिर वह हाई कोर्ट से स्थगन ले आये थे तो उनकी सदस्यता बहाल की गई थी.

> एक प्रश्न के जवाब में तोमर ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष के रूप में उन्होंने सदैव दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर कार्य किया है. विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा गुरुवार रात दिल्ली से लौटे थे. वे गुरुवार रात को आवश्यक शासकीय कार्य करने के लिए सचिवालय आए थे. साथ में उनका स्टाफ भी था. रविवार 5 अप्रैल को विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा की जयंती समारोपूर्वक मनाई जाना है. शुक्रवार 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे तथा 4 अप्रैल को शनिवार का अवकाश है. इस कारण सचिवालय 5 अप्रैल के आयोजन की तैयारी कर रहा था. तोमर ने कहा कि अदालत के आदेश का पालन किया गया है. आगे भी न्यायालय जैसा निर्णय देगा हम वैसा पालन करेंगे.

### राजेन्द्र भारती के समर्थन में कांग्रेसियों ने भाजपाइयों का पुतला फूंका



**दतिया.** दतिया विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती की विधायकी निरस्त होने के बाद जिले की राजनीति में अचानक हलचल तेज हो गई है. कांग्रेस विधायक पर हुई इस कार्रवाई के विरोध में शनिवार को कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा के नेतृत्व में बम महादेव चौराहे पर प्रदर्शन कर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का पुतला फूंका. कांग्रेस ने इसे राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया है, वहीं विधायक की सदस्यता खत्म होने के बाद दतिया में संभावित उपचुनाव की आहट से राजनीतिक दलों के दावेदार सक्रिय हो गए हैं. शनिवार को कांग्रेस जिला अध्यक्ष अशोक दांगी (बगदा) के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बम महादेव चौराहे पर जोरदार प्रदर्शन किया. इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की. प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक दांगी ने कहा कि, 'राजेंद्र भारती के खिलाफ दर्ज मुकदमा और उस पर आया फैसला पूरी तरह से राजनीतिक षड्यंत्र का हिस्सा है.' उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ताधारी दल विपक्ष की मजबूत आवाज को दबाने के लिए इस तरह की कार्रवाइयों का सहारा ले रहा है.

# 2 बाइक की टक्कर में 3 युवकों की मौत



**मंडला, 4 अप्रैल.** नेशनल हाईवे 30 के मंडला-रायपुर रोड पर शुक्रवार की देर रात चारटोला के पास दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई. हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. बिछिया थाना प्रभारी रंजीत सैयाम ने बताया कि घटना गढ़ी थाना क्षेत्र की है. सभी मृतक बिछिया थाना क्षेत्र के निवासी थे. मृतकों में ग्राम जामुन टोला, पंचायत करंजिया माल के दो युवक और करंजिया माल का एक युवक शामिल हैं. स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतकों में करंजिया माल निवासी जगदीश यादव (36) भी थे, जो लाइनमैन का काम करते थे और काम से घर लौट रहे थे.

### आकाशीय बिजली गिरने से दो की मौत

**सिवनी,4 अप्रैल.** जिले में मौसम का मिजाज बदला हुआ है. शनिवार सुबह से हल्की रिमझिम बारिश जारी है, जिससे तापमान में गिरावट आई है. हालांकि, इस मौसमी बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. शुक्रवार को जिले के कई हिस्सों में तेज आंधी और बारिश के साथ कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई. इस मौसमी गतिविधि के दौरान दो अलग-अलग घटनाओं में आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत हो गई. बरघाट क्षेत्र के मंडी गांव में छह वर्षीय प्रांशू मरकाम की घर के बाहर खेलते समय बिजली गिरने से मौके पर ही मौत हो गई. दूसरी घटना डूंडासिवनी क्षेत्र के उड़ेपानी और बंजारी गांव के पास हुई, जहां रमजान खान खेत से लौटते समय आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए और उनकी भी घटनास्थल पर ही मौत हो गई. शुक्रवार शाम को बरघाट क्षेत्र में तेज आंधी चली, जिससे कई स्थानों पर पेड़ और बिजली पोल गिर गए.

# टीईटी अनिवार्यता पर पुनर्विचार हो : दिग्गी

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 4 अप्रैल.** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर राज्य के शासकीय स्कूलों में कार्यरत दो लाख से अधिक शिक्षकों पर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के प्रभाव को लेकर चिंता जताई है।

उन्होंने राज्य सरकार से सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका या क्यूरेटिव याचिका दायर करने का आग्रह किया है, ताकि टीईटी की अनिवार्यता को पूर्व प्रभाव (रेट्रोस्पेक्टिव) के बजाय भविष्य प्रभाव (प्रॉस्पेक्टिव) से लागू किया जा सके। मार्च 2026 में राज्य शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार सभी शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा और परीक्षाएं जुलाई-अगस्त में प्रस्तावित हैं। सिंह ने कहा कि इस निर्णय से विशेष रूप से 25 से 30 वर्षों का अनुभव रखने वाले शिक्षकों में व्यापक चिंता का माहौल है, क्योंकि सेवा के अंतिम चरण में इस प्रकार की अनिवार्यता अनुचित प्रतीत होती है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि मध्यप्रदेश में शिक्षकों की नियुक्ति पहले ही मेरिट आधारित प्रक्रिया के तहत हुई है.



> दिग्विजय सिंह ने अप्रैल 2010 में मध्यप्रदेश में लागू हुए शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) का उल्लेख करते हुए कहा कि हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया है। हालांकि सेवानिवृत्ति के निकट पहुंच चुके शिक्षकों को इससे छूट दी गई है, लेकिन अन्य शिक्षकों के लिए परीक्षा में असफल होने पर सेवा समाप्ति या अनिवार्य सेवानिवृत्ति का खतरा उत्पन्न हो गया है।

### करंट लगने से मामा और भांजे की मौत

**हटा/दमोह 4 अप्रैल.** जिले के धूमा गांव में शनिवार को करंट लगने से मामा-भांजे की मौके पर ही मौत हो गई. चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह और पुलिस के अनुसार ग्राम धूमा निवासी अस्सू पिता करण रैकवार उम्र 22 वर्ष अपने भांजे अभिषेक पिता महादेव रैकवार 17 वर्ष ग्राम बागरोदा बक्सवाहा दोपहर के वक्त गांव के एक खेत में गेंहू की रखवाली करने के लिए गए थे, इस दौरान एक अन्य खेत के पास सुनार नदी में मछली पकड़ने लगे.जब वे मछली पकड़ रहे थे, इस दौरान समीप के खेत में फैले करंट की चपेट में आ गए.जिससे दोनों की मौत हो गई.

### रीवा कलेक्टर का आदेश हाईकोर्ट ने किया निरस्त

**जबलपुर 4 अप्रैल.** मप्र हाईकोर्ट ने अपने एक अहम आदेश में कहा है कि किसी भी संस्था को बिना सुनवाई का अवसर दिए ब्लैकलिस्ट नहीं किया जा सकता। जस्टिस एसएन भट्ट की एकलपीठ ने उक्त मत के साथ रीवा कलेक्टर का वह आदेश निरस्त कर दिया है, जिसमें एक सहकारी समिति को ब्लैक लिस्ट किया गया था। न्यायालय ने मामले में स्पष्ट किया है कि पहले याचिकाकर्ता को शोकॉज नोटिस दिया जाए। फिर उसे अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए। इसके बाद ही कोई भी कार्रवाई की जाए। दरअसल यह मामला रघुराजनगर तहसील स्थित सेवा सहकारी समिति के मैनेजर सतीश पांडे की ओर से दायर किया गया है। जिसमें कहा गया कि धान खरीदी में कथित गड़बड़ी के आरोप में कलेक्टर ने बिना सुनवाई के ही समिति को ब्लैकलिस्ट कर दिया।

### आपराधिक प्रकरण में आरोपी बनाए गए सब-रजिस्ट्रार को राहत

आपराधिक प्रकरण में आरोपी बनाए गए सब-रजिस्ट्रार को हाईकोर्ट से राहत मिली है। जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने ट्रायल कोर्ट द्वारा सब-रजिस्ट्रार को अतिरिक्त अभियुक्त बनाये जाने के आदेश को निरस्त कर दिया है। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि याचिकाकर्ता सब-रजिस्ट्रार होने के नाते दस्तावेज को पंजीकृत करने से मना भी नहीं कर सकता था। पंजीकरण के लिए आवश्यक सभी दस्तावेज आरोपियों द्वारा प्रस्तुत किये गये थे।

## एक नजर में

### करैरा की स्मैक तस्कर कृतिका का गुर्गा गिरफ्तार

**शिवपुरी.** जिले की करैरा थाना पुलिस ने स्मैक की तस्करी करते हुए एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है. पकडा गया युवक करैरा की स्मैक तस्कर कृतिका तिवारी का गुर्गा है. यही से इस स्मैक की सप्लाई होती है. कृतिका तिवारी अपने पिता की मौत के बाद कथित रूप से नशे के इस अवैध कारोबार को संभाल रही थी और बाद में उसने अपना नेटवर्क दूसरे शहर तक फैला लिया. थाना प्रभारी विनोद छावई ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक स्मैक की खेप लेकर करैरा क्षेत्र में खपाने के इरादे से आने वाला है. सूचना मिलते ही पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए ग्राम टोरिया के पास आम रोड पर घेराबंदी की. कुछ ही देर बाद पुलिस को एक संदिग्ध युवक बुलेट मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया. रोककर तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से 52 ग्राम स्मैक और एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा बरामद हुआ. गिरफ्तार आरोपी की पहचान नीतेश उर्फ भूरा यादव उम्र 24 साल निवासी जिला दतिया के रूप में हुई है.

### लोस अध्यक्ष के आगमन को लेकर किया निरीक्षण

**सिंगोली।** दिगंबर जैन समाज द्वारा 2 से 7 अप्रैल तक पंचकल्याणक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पंचकल्याणक महोत्सव समिति ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मिलकर उन्हें पंचकल्याणक महोत्सव में आने का निमंत्रण दिया था। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सहर्ष स्वीकार करते हुए आयोजकों को सिंगोली आने की स्वीकृति प्रदान की थी। बताया जा रहा है कि 7 अप्रैल को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का सिंगोली आना लगभग तय है। लोकसभा अध्यक्ष के सिंगोली आने के कार्यक्रम की सूचना मिलने पर शनिवार को अपर कलेक्टर बी एस कनेश सिंगोली पहुंचे और कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया। इस दौरान आयोजकों द्वारा बुलवाए गए हेलीकॉप्टर को उड़ाने को लेकर श्री कनेश ने कंपनी मैनेजर को आवश्यक निर्देश दिए तथा सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से ध्यान रखने की हिदायत दी।



### अफगानी घुसपैठियों का मामला...

# एटीएस जांच का दायरा बढ़ा

**जबलपुर 4 अप्रैल. फर्जी दस्तावेजों के सहारे पहचान छिपाकर रह रहे अफगानी नागरिकों के मामले में जांच तेज हो गई है और अदालत ने भी सख्त रुख अपनाया है। विशेष एटीएस कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पांचों आरोपियों की न्यायिक हिरासत 15 अप्रैल तक बढ़ा दी है। इस फैसले के बाद जांच एजेंसी को नेटवर्क की गहराई तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है।**

जांच एजेंसी के अनुसार सोहबत खान, गुल अघा खान, सरदार खान, शाह वली और हमीदुल्लाह नाम के ये पांचों अफगानी नागरिक लंबे समय से जबलपुर के ओमती क्षेत्र में अपनी असली पहचान छिपाकर रह रहे थे। एटीएस ने अदालत को बताया कि प्रारंभिक जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जिससे यह मामला केवल अवैध निवास तक सीमित नहीं बल्कि एक बड़े संगठित नेटवर्क की ओर इशारा करता है। सबसे अहम खुलासा सोहबत खान को लेकर हुआ है, जो वर्ष 2015 में अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ था। जांच में सामने आया है कि उसने स्थानीय स्तर पर विवाह किया और इसके बाद उसने फर्जी दस्तावेजों के जरिए राशन कार्ड, आधार कार्ड और यहां तक कि भारतीय पासपोर्ट भी बनवा लिया। यह तथ्य सुरक्षा एजेंसियों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है, क्योंकि इससे दस्तावेज बनाने की प्रक्रिया में संभावित खामियों और मिलीभगत की आशंका मजबूत हुई है। एटीएस ने अदालत में दलील दी कि इस पूरे मामले में स्थानीय स्तर पर कुछ लोगों और संभवत: सरकारी कर्मचारियों की भूमिका हो सकती है। इसी वजह से नेटवर्क की पूरी परतें खोलने के लिए विस्तृत जांच जरूरी है। अदालत ने भी इस दलील को गंभीरता से लेते हुए फिलहाल किसी भी आरोपी को राहत देने से इनकार कर दिया है।

जांच एजेंसी अब इस मामले को अंतरराष्ट्रीय एंगल से भी जोड़कर देख रही है। एटीएस की टीमें आरोपियों के बैंक खातों, लेन-देन और संदिग्ध मोबाइल कॉल्स की डिटेल खंगाल रही हैं, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इनके संपर्क किन-किन लोगों से थे और क्या इनका संबंध किसी बड़े नेटवर्क से जुड़ा हुआ है।

> सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान और भी अहम खुलासे हो सकते हैं, जिससे यह स्पष्ट होगा कि यह मामला केवल पांच व्यक्तियों तक सीमित है या इसके पीछे एक संगठित गिरोह काम कर रहा है। आगामी 15 अप्रैल को होने वाली अगली सुनवाई में एटीएस कोर्ट के सामने नए तथ्यों को पेश कर सकती है। फिलहाल इस पूरे घटनाक्रम ने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है और शहर में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान और सत्यापन को लेकर भी सख्ती बढ़ाई जा रही है

### दंपति ने विवाद के बाद मौत को गले लगाया

**शिवपुरी.** लुकवासा में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है. तीन साल पहले जिन हाथों ने सात जन्मों का साथ निभाने की कसमें खाई थीं, उन्हीं हाथों ने जहर पीकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली. चंद्रपाल और सावित्री के बीच हुए एक मामूली विवाद ने ऐसा उग्र रूप लिया कि दोनों ने अपनी डेढ़ साल की मासूम बच्ची को भी भुला दिया. अस्पताल के बिस्तर पर जिंदगी और मौत के बीच जूझते हुए पहले पत्नी ने दम तोड़ा और फिर 12 घंटे बाद पति की भी सांसें थम गईं. वह बच्ची जो कल तक माता-पिता की छांव में सुरक्षित थी अब इस क्रूर दुनिया में तन्हा रह गई है.

### राज्यपाल पटेल ने टंट्या भील स्मारक पर अर्पित की श्रद्धांजलि

# टंट्या भील का स्वतंत्रता में अहम योगदान



**खंडवा, 4 अप्रैल.** मंगुभाई पटेल ने शनिवार को खंडवा जिले के ग्राम बड़ौदा अहीर स्थित टंट्या भील के स्मारक पर पहुंचकर पूजन एवं श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा कि टंट्या भील जैसे आदिवासी जननायकों का स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा है. इस अवसर पर बिरसा मुंडा, भीमा नायक, शंकर शाह और रघुनाथ शाह के योगदान को भी स्मरण किया गया.

राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास कर रहा है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना जैसी योजनाएं गरीबों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही हैं. उन्होंने 'धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना' को आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया. कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह ने स्मारक स्थल पर 50 लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण और प्रतिवर्ष 4 से 6 अप्रैल तक तीन दिवसीय मेले के आयोजन की घोषणा की.

# तीन मंजिला होटल गिरा

**अनूपपुर,4 अप्रैल. कोतमा में नगर के वार्ड 5 स्थित बस स्टैंड के पास शनिवार शाम तीन मंजिला अग्रवाल होटल की इमारत अचानक गिर गई।**

हादसे में कई लोग मलबे में फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। राहत एवं बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया और दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। अभी भी 4-5 लोग मलबे में फंसे होने की संभावना है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, तहसीलदार दशरथ सिंह, थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला और नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ समेत प्रशासनिक अधिकारी मौके पर हैं। जेसीबी और अन्य संसाधनों से मलबा हटाने का काम जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पास में चल रहे नए निर्माण के दौरान की गई अंडरग्राउंड खुदाई से पुरानी इमारत की नींव कमजोर हो गई, जिससे हादसा हुआ। प्रशासन ने लोगों से दूरी बनाए रखने का आग्रह किया है, ताकि राहत कार्य में बाधा न आए।

- कई लोग मलबे में फंसे, दो लोग सुरक्षित निकले
- पास में चल रही थी अंडर खुदाई, नींव हुई थी कमजोर



### आत्महत्या का रचा नाटक

# पति ने बेटियों के सामने ले ली पत्नी की जान!

**भिंड,4 अप्रैल.** जिले के देहात पुलिस थाना क्षेत्र के मानपुरा गांव में महिला की मौत का मामला अब हत्या में बदल गया है. वारदात में महिला का पति ही उसका कातिल निकला, जिसने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर न सिर्फ पत्नी की हत्या की, बल्कि उसे आत्महत्या साबित करने के लिए पूरी साजिश भी रची. हैरानी की बात यह है कि इस वारदात को आरोपी ने अपनी दोनों मासूम बेटियों के सामने अंजाम दिया.

मानपुरा गांव में एक महिला प्रियंका प्रजापति का शव घर के आंगन में पड़ा मिला. ससुराल पक्ष ने तुरंत महिला के मायके पक्ष को सूचना दी कि उसने आत्महत्या कर ली है. सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. प्रारंभिक तौर पर मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा था, लेकिन घटनास्थल की स्थिति और कुछ परिस्थितियों ने पुलिस के शक को गहरा कर दिया. मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईजी डॉ. असित यादव ने तीनों संदिग्धों पर 30 हजार रुपये का इनाम घोषित किया और विशेष जांच टीम गठित की गई.

> पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पति रामबरन प्रजापति का अपनी पत्नी से शराब पीने को लेकर विवाद होता था. इतना ही नही पत्नी के मायके फोन पर बात करने से भी नाराज रहता था. घटना वाले दिन 30 मार्च को रामबरन अपने दोनों दोस्तों के साथ घर पर शराब पार्टी कर रहा था. शराब के नशे में उसकी पत्नी से कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई. गुस्से में आकर रामबरन ने अपने दोनों दोस्त आकाश प्रजापति और पुनीत जोशी के साथ मिलकर एक खौफनाक कदम उठाया. तीनों ने मिलकर घर में रखी सिलाई मशीन से रस्सी निकाली और महिला का गला घोंट दिया.

### एक नजर में — आठ गांवों के किसानों को कम मुआवजा देने का आरोप, 15 मिनट बाद कलेक्टर ने बाहर आकर की चर्चा

# फोरलेन मुआवजा को लेकर विधायक का सीढ़ियों पर धरना



**रतलाम।** उज्जैन-जावरा फोरलेन सड़क परियोजना के लिए अधिग्रहित की जा रही जमीनों के मुआवजे को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। आलोट विधानसभा क्षेत्र के 8 गांवों के किसानों को बाजार दर से बेहद कम मुआवजा दिए जाने के विरोध में शनिवार को विधायक चिंतामणि मालवीय ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे और सीढ़ियों पर ही धरने पर बैठ गए। जानकारी अनुसार विधायक किसानों के साथ कलेक्टर मिशा सिंह से मिलने पहुंचे थे। प्रशासन की ओर से उन्हें कलेक्टर कक्ष में चर्चा के लिए बुलाया गया, लेकिन विधायक ने यह कहते हुए मना कर दिया कि मामला जनता से जुड़ा है, इसलिए बातचीत भी खुले में और सभी के सामने ही होनी चाहिए। कलेक्टर के बाहर नहीं आने पर विधायक किसानों के साथ सीढ़ियों पर ही बैठ गए और धरना शुरू कर दिया। करीब 15 मिनट तक चले इस घटनाक्रम के बाद कलेक्टर कक्ष से बाहर आईं और मौके पर ही विधायक व किसानों से चर्चा की। इस दौरान किसानों ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि उन्हें प्रस्तावित ढाई लाख रुपए प्रति बीघा मुआवजा दिया जा रहा है, जो वर्तमान बाजार दर की तुलना में बहुत कम है। किसानों ने मांग की कि जमीन का उचित मूल्य बाजार भाव के अनुसार तय किया जाए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी कलेक्ट्रेट में जनप्रतिनिधियों को अपनी बात रखने के लिए धरने का सहारा लेना पड़ा है।

#### मुआवजे की पुन: समीक्षा कराने का दिया आश्वासन

नाराज विधायक और ग्रामीणों के सीढ़ियों पर धरना दिया। करीब 15 मिनट तक चले इस घटनाक्रम के बाद कलेक्टर कक्ष से बाहर आईं और मौके पर ही विधायक व किसानों से चर्चा की। कलेक्टर ने किसानों की मांग को सुनते हुए मुआवजे की पुन: समीक्षा कराने का आश्वासन दिया।